एसआरएम इंस्टीट्यूट में शपथ के साथ शुरू हुआ स्वच्छता पखवाड़ा

प्रलयंकर संवाददाता

मोदीनगर : एसआरएम इंस्टीट्यूट आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी एनसीआर कैंपस में नेशनल सर्विस स्कीम के तहत आज से स्वच्छता पखवाड़ा शुरू हुआ। यह एक अगस्त से पंद्रह अगस्त तक चलेगा। इस मौके पर शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने अपने जीवन के कुछ क्षण अपने आसपास को स्वच्छ और साफ सुथरा रखने, स्वच्छ पेयजल व जल संरक्षण करने के लिए शपथ ली। स्वच्छता पखवाड़े के शुभारंभ पर एसआरएम के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ एस विश्वनाथन, डीन डॉ डी के शर्मा, डीन एडमिशन डॉ आर पी महापात्रा, डीन मैनेजमेंट डॉ नरेंद्र मोहन मिश्र, डीन कैंपस लाइफ डॉ नवीन अहलावत एवं कार्यक्रम की संयोजिका डॉ निर्मल शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से शिक्षक और छात्र छात्राओं को हाथ खड़ा कर स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए संस्थान के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के लिए आभासी प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए विभिन्न विषयों पर प्रजेंटेशन, स्लोगन, चित्रकला प्रतियोगिता, पीपल वृक्षारोपण, निबंध प्रतियोगिता व सेमिनार आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। एसआरएम प्रबंधन ने आशा व्यक्त की है कि हर छात्र छात्रा इस शपथ के माध्यम से साफ सफाई के प्रति समर्पित होकर स्वच्छ भारत निर्माण में सहयोग करेगा।

मतदाता जागर

आयोजन एसआरएम में शुरू हुआ स्वच्छता पखवाड़ा, स्वच्छता की शपथ ली

'साफ-सफाई के प्रति समर्पित होकर करें कार्य'

विद्यार्थियों ने स्लोगन व चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया

हिन्ट संवाददाता

मोदीनगर। एसआरएम इंस्टीट्यूट आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी एनसीआर कैंपस में नेशनल सर्विस स्कीम के तहत आज से स्वच्छता पखवाड़ा शुरू हुआ।

इस मौके पर शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने अपने जीवन के कुछ क्षण अपने आसपास को स्वच्छ और साफ सुथरा रखने, स्वच्छ पेयजल व जल संरक्षण करने के लिए शपथ ली। स्वच्छता पखवाड़े के शुभारंभ पर एसआरएम के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. एस विश्वनाथन, डीन डॉ. डीके शर्मा, डीन एडमिशन डॉ. आरपी महापात्रा, डीन मैनेजमेंट डॉ नरेंद्र मोहन मिश्र, डीन कैंपस लाइफ डॉ. नवीन अहलावत एवं कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. निर्मल शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से शिक्षक और छात्र छात्राओं को हाथ खड़ा कर स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। कोरोनावायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए संस्थान के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के लिए आभासी प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए विभिन्न विषयों पर प्रजेंटेशन, स्लोगन, चित्रकला प्रतियोगिता, पीपल वृक्षारोपण, निबंध प्रतियोगिता व सेमिनार आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। एसआरएम प्रबंधन ने आशा व्यक्त की है कि हर छात्र छात्रा इस शपथ के माध्यम से साफ सफाई के प्रति समर्पित होकर स्वच्छ भारत निर्माण में सहयोग करेगा।